**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ**

**(तिथि 26 नवम्बर 2025, समय 18:10 (10 मिनट)**

**मुख्य समाचार**

1. आज देशभर में संविधान दिवस मनाया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा - संविधान राष्ट्रीय पहचान की आधारशिला है।

2. लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने संविधान निर्माताओं को श्रद्धांजलि अर्पित की।

3. हरियाणा विधान सभा परिसर में डॉ. भीम राव अम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर संविधान के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त की गई।

4. राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण ने दिल्ली लाल किला विस्फोट मामले में फरीदाबाद निवासी शोएब को गिरफ्तार किया।

5. मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कुरुक्षेत्र के पुरुषोत्तमपुरा बाग में एक राज्यस्तरीय प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।

6. राष्ट्रीय दुग्ध दिवस पर करनाल के राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान में दुग्ध महोत्सव का आयोजन किया गया।

**************************************************************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज संविधान दिवस के उपलक्ष्य में नई दिल्ली स्थित संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में संविधान की प्रस्तावना पढी। इस अवसर पर राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि संविधान राष्ट्रीय पहचान की आधारशिला है और यह राष्ट्र को आगे बढ़ाने, औपनिवेशिक मानसिकता के स्थान पर राष्ट्रवादी दृष्टिकोण स्थापित करने का मार्गदर्शक ढाँचा है।उन्होंने कहा-

**1- राष्ट्रपति -संविधान**

*सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक न्याय स्वतंत्रता, समता और बंधुता, मुझे यह देखकर हर्ष होता है कि इन सभी आयामों पर संसद सदस्यों ने संवैधानिक बने निर्माताओं की परिकल्पनाओं को यथार्थ स्वरूप प्रदान किया है।*

इस अवसर पर राष्ट्रपति ने नौ भाषाओं मलयालम, मराठी, नेपाली, पंजाबी, बोडो, कश्मीरी, तेलुगु, उड़िया और असमिया में संविधान का अनुवादित संस्करण जारी किया।

**************************************************************

लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संविधान दिवस पर कहा कि संविधान के मार्गदर्शन में देश सुशासन और सामाजिक-आर्थिक विकास की परिवर्तनकारी यात्रा पर अग्रसर है।

**2- ओम बिरला**

***संविधान के मार्गदर्शन में पिछले सात दशक से अधिक के कालखंड में हमने नीतियों और कानून बनाए और सामाजिक न्याय और समावेशी विकास के लक्ष्य प्राप्त किए। हमने अपने संविधान के मार्गदर्शन में सुशासन और सामाजिक, आर्थिक विकास की एक परिवर्तनकारी यात्रा तय की है। भारत विश्व का सबसे जीवंत और सफल लोकतंत्र माना जाता है।***

उन्होंने संविधान निर्माताओं को श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि यदि संविधान का अक्षरशः पालन किया जाए तो भारत 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बन सकेगा।

**************************************************************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संविधान दिवस पर संविधान निर्माताओं को श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने कहा कि संविधान निर्माताओं की दूरदर्शिता प्रत्येक नागरिक को एक विकसित भारत के निर्माण के लिए प्रेरित करती रहेगी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी इस अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। श्री सिंह ने कहा कि संविधान दिवस सभी को उन दूरदर्शी लोगों की याद दिलाता है जिन्होंने भारत की नींव रखी।

**************************************************************

हरियाणा विधान सभा परिसर में भी आज संविधान दिवस मनाया गया। विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण,मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सहित बड़ी संख्या में मंत्रियों और विधायकों ने डॉ. भीम राव अम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर संविधान के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त की।

इस अवसर पर विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने प्रदेशवासियों को संविधान दिवस की शुभकामनाएं देते हुए डॉ. भीमराव अंबेडकर के आदर्शों को याद किया। उन्होंने कहा कि संविधान ही हमारी असली ताकत है।हम अपने आदर्श संविधान के बल पर ही इन सब चुनौतियों का सामना कर सके हैं।

*******************************************************************

आज संविधान दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा सरकार संविधान की मूल भावना के अनुरूप अपनी नीतियों द्वारा प्रजातांत्रिक सिद्धांतों को निरंतर आगे बढ़ाने का काम कर रही है।

विधानसभा परिसर में आयोजित संविधान दिवस कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्र को मज़बूत और सशक्त बनाना संविधान की मूल भावना है।

*********************************************************************

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण-एनआईए ने आज दिल्ली लाल किला आतंकी विस्फोट मामले में फरीदाबाद निवासी एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। इस पर विस्फोट के मुख्य आरोपी उमर उन नबी को विस्फोट से पहले शरण देने का आरोप है। एनआईए ने एक बयान में बताया कि आरोपी की पहचान हरियाणा के फरीदाबाद निवासी शोएब के रूप में हुई है। इस मामले में गिरफ्तार होने वाला यह सातवाँ मुख्य आरोपी है।

*********************************************************************

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज पुरुषोत्तमपुरा बाग में सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग की राज्यस्तरीय प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। उन्होंने इस हाईटेक प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। प्रदर्शनी में पवित्र ग्रंथ गीता और महाभारत से जुड़े अहम लम्हों को दिखाया गया है और इसके साथ ही हरियाणा की उपलब्धियों को लेकर विभिन्न विभागों के स्टॉल भी लगाए गए हैं।

************************************************************************

*****ज्योतिसर में महाभारत अनुभव केंद्र आज से देश विदेश से आने वाले आम लोगों के लिए खोल दिया गया है। कुरुक्षेत्र उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि अनुभव केंद्र सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक खुला रहेगा, अनुभव केंद्र में लोगों के अंतिम समूह का प्रवेश साढ़े तीन बजे होगा।

उपायुक्त ने बताया कि केंद्र और प्रदेश सरकार के प्रयासों से महाभारत अनुभव केंद्र का निर्माण किया गया है। अनुभव केंद्र में स्वागत कक्ष, महाकाव्य का सृजन कक्ष, प्राचीन महाभारत, कुरु वंशावली, द्रोपदी स्वयंवर, भगवान श्री कृष्ण का विराट स्वरूप, गीता श्लोक, कृष्ण भूमिका, कुरुक्षेत्र 48 कोस, दशावतार आदि कक्ष स्थापित किए गए है।

अनुभव केंद्र को देखने के लिए ऑनलाईन व ऑफलाइन टिकट की सुविधा भी उपलब्ध करवाई गई है।

************************************************************************

राष्ट्रीय दुग्ध दिवस पर करनाल स्थित राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान- एनडीआरआई में पहले राष्ट्रीय दुग्ध महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव का उद्घाटन संस्थान के कुलपति एवं निदेशक डॉ धीर सिंह ने किया। उद्घाटन से पूर्व श्वेत क्रांति के जनक डॉ वर्गीज कुरियन को श्रद्धांजलि दी गई और उनकी उपलब्धियां को याद किया गया।

इस अवसर पर संस्थान से शिक्षा ग्रहण कर निकले डेढ़ सौ से अधिक स्टार्टअप छात्रों ने अपने नवीन उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई। प्रदर्शनी में भारत के डेयरी उत्पादन और नवाचार की धमक दिखाई दी। इस अवसर पर विचार गोष्ठी एवं विभिन्न डेयरी प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। राष्ट्रीय डेरी महोत्सव के मीडिया से बातचीत में एनडीआरआई के निदेशक डॉ धीर सिंह ने बताया -

**3 - डॉ धीर सिंह- एनडीआरआई**

डॉ सिंह ने कहा कि बकरी और ऊंटनी के दूध में मौजूद चिकित्सय गुणों को जांचने के लिए भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के साथ मिलकर क्लिनिकल ट्रायल शुरू किया गया है।

उन्होंने संस्थान की उपलब्धियों पर कहा कि संस्थान में शिक्षित सभी छात्रों को रोजगार मिल रहा है और बहुत से छात्र अपने उद्यम स्थापित कर रहे हैं।

**4 -- डॉ धीर सिंह-रोजगार**

********************************************************************

भिवानी के भीम स्टेडियम में आज 69वें राष्ट्रीय स्कूल खेलों का शुभारंभ हुआ। सांसद धर्मबीर सिंह ने 30 नवंबर तक चलने वाली इस पांच दिवसीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सांसद धर्मबीर सिंह ने कहा कि भिवानी में राष्ट्रीय खेलों का आयोजन जिले व प्रदेश के लिए गौरव की बात है।

**5 -धर्मबीर सिंह -स्कूल गेम्स**

उन्होंने कहा कि ओलंपिक, एशियाड़ सहित विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खेल मुकाबलों में प्रदेश के खिलाड़ी पदक जीत रहे हैं। उन्होंने कहा कि अनुशासन व समय का पालन करने वाले खिलाडियों को आगे बढने से कोई नहीं रोक सकता।

********************************************************************